किसान सम्मेलन आज करोंद मंडी में

भोपाल ,15 अप्रैल (ए)। मुख्यमंत्री कृषक समृद्ध योजनांतर्गत जिला स्तर पर वृहद किसान सम्मेलन का आयोजन कृषि उपज मंडी करोंद,भोपाल में 16 अप्रैल सोमवार को प्रात~ 11 बजे से राजस्व, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री उमाशंकर गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है। सम्मेलन में कृषि विशेषज्ञों द्वारा उपस्थित किसानों से संवाद कर सम सामयिक कृषि तकनीक पर चर्चा की जायेगी तथा रबी वर्ष 2016-17 में उपार्जित गेहूँ एवं 2017 में उपार्जित धान उपज पर 200 रूपये प्रति क्विंटल उत्पादकता प्रोत्साहन राशि संबंधित कृषकों के खातों में स्थानांतरित की जायेगी। उप संचालक कृषि विभाग द्वारा सभी किसान भाईयों से इस सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में आने के लिए आग्रह किया गया है।

बिना एसएमएस के न आएं किसान

भोपाल 15 अप्रैल (ए)। जिला प्रशासन ने उपार्जन के लिए आने वाले किसानों से उनको प्राप्त होने वाले एसएमएस की तिथि पर ही आने की अपील की है। बिना एसएमएस के आने वाले किसानों से उपज नहीं ली जाएगी। किसान एसएमएस की निर्धारित तिथि पर ही अपनी उपज लेकर आएं तथा असुविधा से बचें। साथ ही जो उपज लेकर आएं, वह शासन के निर्देशानुसार गुणवत्तापूर्ण हो।

प्रत्येक पेट्रोल पंप पर प्रदूषण नियंत्रण केन्द्र स्थापित होगा

भोपाल 15 अप्रैल (ए)। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अनुसार प्रत्येक राज्य के परिवहन विभाग द्वारा राज्य के सभी पेट्रोल व डीजल पम्पों पर अलग-अलग प्रदूषण नियंत्रण केन्द्र स्थापित होना है। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में सभी पेट्रोल पम्प संचालकों व संबंधित एजेंसी व अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रदूषण नियंत्रण केन्द्र स्थापित करने के लिए आवेदन का प्रारूप तथा गजट नोटिफिकेशन परिवहन विभाग की वेबसाइट द्बश्चह्लह्डठ्ठह्यश्चशह्ल्ल.शह्द्द पर उपलब्ध है।

संपत्ति कर एवं जल कर में 100 प्रतिशत अधिभार छूट

भोपाल 15 अप्रैल (ए)। 22 अप्रैल को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। नेशनल लोक अदालत में नगरपालिका के पूर्व वर्षों का राजस्व (सम्पत्तिकर एवं जलकर) जमा करने पर 100 प्रतिशत तक अधिभार (पेनल्टी) में छूट दी जा रही है। लोगों से अपील है कि 22 अप्रैल को स्थानीय जिला न्यायालय परिसर पहुंचकर अपना-अपना बकाया राजस्व (सम्पत्तिकर एवं जलकर) जमा कर अधिभार में 100 प्रतिशत तक छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

कृषक समृध्दि योजना के लिए समिति गठित

भोपाल 15 अप्रैल (ए)। मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति का गठन किया गया है। समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अतिरिक्त कलेक्टर (राजस्व), उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला खाद्य अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ जिला एवं लीड बैंक अधिकारी को सदस्य नियुक्त किया गया है। उप संचालक कृषि को सदस्य सचिव बनाया गया है।

नि:शुल्क महिला स्वास्थ्य शिविर 23 से 31 मई तक

भोपाल 15 अप्रैल (ए)। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने 11 अप्रैल से प्रदेश के सभी गाँवों में निःशुल्क महिला स्वास्थ्य शिविर आरंभ किये हैं।

20 मई तक चलने वाले इन ग्राम-स्तरीय स्वास्थ्य शिविर में किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं, वरिष्ठ आयु वर्ग की महिलाओं की निःशुल्क चिकित्सकीय जाँच कर उनकी स्वास्थ्य समस्याओं को चिन्हित किया जायेगा।

समस्या होने पर उपचार भी कराया जायेगा। इसके अलावा 23 से 31 मई तक प्रदेश के विकासखण्ड और जिला अस्पतालों में भी महिलाओं के लिये निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर होंगे। महिला स्वास्थ्य शिविरों में किशोरी बालिकाओं (13 वर्ष से 19 वर्ष तक) की रक्त अल्पता तथा माहवारी से संबंधित समस्या की पहचान एवं उपचार, गर्भवती महिलाओं के लिये रक्त अल्पता, उच्च रक्तचाप, अन्य हाईरिस्क की पहचान एवं उपचार तथा इलेक्टिव सीजर के लिये चिन्हांकन, अन्य आयु वर्ग की महिलाओं के लिये उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, स्तन कैंसर, सरवाईकल कैंसर, ओरल कैंसर, निःसंतानता, स्त्री रोग संबंधी अन्य समस्याओं की पहचान की जायेगी।

समस्त आँगनवाड़ी केन्द्र तथा मिनी आँगनवाड़ी केन्द्र में पदस्थ कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा जाँच एवं उपचार में सहयोग किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने किया कामयाब महिलाओं को सम्मानित

भोपाल 15 अप्रैल (ए) मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राज्य शासन का पूरा फोकस प्रदेश में महिला सशक्तिकरण पर है। मुख्यमंत्री आज इंदौर के अभय प्रशाल में फिक्की महिला संस्था द्वारा पॉवर टू एमपॉवर कार्यक्रम में इंदौर की उन चुनिंदा कामयाब महिलाओं को सम्मानित कर रहे थेए जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के साथ अपनी विशिष्ट पहचान बनायी है। इंदौर की महापौर श्रीमती मालिनी गौड़ए केन्द्रीय इस्पात मंत्रालय सचिव डॉण् श्रीमती अरूणा शर्माए विधायकगण महेन्द्र हार्डियाए सुदर्शन गुप्ता और राजेश सोनकर इस मौके पर उपस्थित थे।

चौहान ने कहा कि उनके मन में सदैव महिलाओं के उत्थान एवं उन्नति हेतु संवेदन शीलता रही है। इसी लिए सबसे पहले मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना बनाईए फिर लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में 28 लाख लाड़ली लक्ष्मी बालिकाएँ हैं। जब ये बालिकाएँ 21 वर्ष की होंगीए तब इनके खातों में 32 हजार करोड़ रुपये राशि जमा हो जायेगी। उन्होंने बताया कि राज्य शासन ने महिला स्व.सहायता समूहों को और अधिक सशक्त बनाने का निर्णय लिया है। इन समूहों में शामिल अधिकतर ग्रामीण महिलाएँ आज मजबूती से आगे आकर आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में क्रांति ला रही हैं। चौहान ने कहा कि महिलाओं के विरूद्ध अपराधों पर राज्य शासन ने अत्यंत संवेदनशीलता बरतते हुए कड़े कानून लागू किये हैं।

मुख्यमंत्री ने समाज सेवा के लिए मोनिका पुरोहितए कला एवं संस्कृति के लिए रागिनी मक्सरए शिक्षा के लिए रश्मि आहूजाए स्पोर्टस के लिए सारा यादव तथा कनिका टेकरीवाल को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर प्रथम फूड एटीएम का फीता काट कर शुभारंभ किया। फूड एटीएम से जरूरतमंदों को भोजन मिलेगा।

राहुल गांधी खौफ पैदाकर भावनात्मक शोषण में सफल नहीं होंगे – कोठारी

भोपाल 15 अप्रैल (ए) भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राहुल कोठारी ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी का एक मात्र अजेंडा जनता में खौफ पैदा करना है। राहुल गांधी का केंडिल मार्च वोट कबाड़ने की राजनीति मात्र है। कर्नाटक में हो रहे विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की आसन्न पराजय की आशंका में महिलाओ में खौफ पैदा करना है। कांग्रेस नारी शक्ति का भावनात्मक दोहन करना चाहती है। जिसमें कांग्रेस को सफलता मिलने वाली नहीं है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेसनीत यूपीए सरकार के दौरान दिल्ली में निर्भया कांड हुआ था। तब डॉण्मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री और श्रीमती शीला दीक्षित दिल्ली की मुख्यमंत्री थी। तब कांग्रेस ने केंडिल मार्च क्यों नहीं निकाला। कानून व्यवस्था राज्यों का विषय है। फिर राहुल गांधी का इस मामले में प्रधानमंत्री को निशाने पर लेना राहुल गांधी की रूग्ण मानसिकता की घोतक है। हिमाचल प्रदेश में जब गुड्डी कांड हुआ था स वीरभद्र सिंह मुख्यमंत्री थे। तब कांग्रेस ने न तो इस्तीफा मांगा और न खेद व्यक्त किया। कोठारी ने कहा कि कांग्रेस शासन में मध्यप्रदेश में कांग्रेस नेत्री सरला मिश्र को जिन्दा जला दिया गया थाए लेकिन कांग्रेस ने न तो मामले की जांच होने दी और न कसूर के लिए खेद व्यक्त कियाए जबकि सरला मिश्रा के परिवार जन कांग्रेस पर दोषारोपण करते हुए आज तक न्याय की गुहार कर रहे हैं।

कोठारी ने कहा कि दिल्ली में अर्धरात्रि में केंडिल मार्च निकालकर कांग्रेस ने अराजकता फैलाने का जिस तरह प्रयास किया उस पर प्रियंका गांधी ने भी ऐतराज व्यक्त किया है। दरअसल राहुल गांधी देश में शांति और तेजी से हो रहे विकास को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे है। कांग्रेस नेताओं का एकमात्र मकसद देश में अशांति का वातावरण बनाना है। लेकिन जनता इसे बर्दाश्त करने वाली नहीं है। कैंडिल मार्च का मतलब महिला सुरक्षा होना था। लेकिन उस समय भी कांग्रेस ने संजीदगी का परिचय नहीं दिया और महिला पत्रकार के साथ अभद्रता करके अपनी संस्कृति बेनकाब कर दी। उन्नाव की दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर प्रधानमंत्री ने दुख व्यक्त किया है और विधायक को कानून के हवाले किया जा चुका है। ऐसे में कांग्रेस में तनिक भी न्याय नैतिकता है तो उन्हें हेमन्त कटारे को भी पुलिस के समक्ष पेश करने का साहस दिखाना चाहिए।

राजस्व मंत्री ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया डॉ. अम्बेडकर का जन्म दिन

भोपाल 15 अप्रैल (ए) राजस्व विज्ञान एवं प्रौद्योगिक मंत्री उमाशंकर गुप्ता ने आराधना नगर में दिव्यांग बच्चों के साथ केक काट कर डॉण् भीमराव अंबेडकर का जन्म.दिन मनाया। गुप्ता ने बच्चों को चटाईएखेल सामग्री और फल बाँटे तथा शिक्षकों को सम्मानित किया।

राजस्व मंत्री गुप्ता ने दुर्गा नगरए श्याम नगरए ज्योतिबाफुले नगरए करूण बुद्ध विहारए और रमानगर में भी डॉण् अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में शामिल होकर उनके चित्र पर मल्यार्पण किया।

गुप्ता ने कहा कि डॉ अंबेडकर ने परिश्रम के बल पर पूरे विश्व में अपना स्थान बनाया। उन्होंने बताया कि डॉण् अंबेडकर की जन्म.स्थली महू को तीर्थ के रूप में विकसित किया गया है। यहाँ आने वालों को ठहरने और भोजन की सुविधा उपलब्ध करवायी जाती है। महिलाओं को मताधिकार दिलाने में डॉ अंबेडकर की भूमिका महत्वपूर्ण थी। गुप्ता ने कहा कि उनका जीवन सेवा और समर्पण की सीख देता है। इस दौरान स्थानीय जन.प्रतिनिधि उपस्थित थे।

राष्ट्रपति ने डॉ. अम्बेडकर की जन्म स्थली पर अर्पित किये श्रध्दा सुमन



भोपाल 15 अप्रैल (ए) राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आज बाबा साहेब डॉण् भीम राव अम्बेडकर की 127वीं जयंती पर महू स्थित उनकी जन्म.स्थली पर स्मारक में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और प्रतिमा के चरणों में पुष्प अर्पित किये। राष्ट्रपति कोविंद ने डॉण् अम्बेडकर स्मारक का भ्रमण कर वहां प्रदर्शित बाबा साहेब के जीवन.वृत्त पर आधारित फोटो गैलरी का अवलोकन किया। अम्बेडकर स्मारक संचालन समिति के अध्यक्ष भंते संघ शील एवं सचिव मोहनराव वाकोडे ने राष्ट्रपति कोविंदए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

इस दौरान केन्द्रीय सामाजिक न्याय मंत्री थावरचंद गेहलोतए अन्य जन.प्रतिनिधि और अम्बेडकर स्मारक संचालन समिति के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

18 अप्रैल से प्रारंभ हो रहे शादी के मुहूर्त

भोपाल15 अप्रैल (ए) प्रदेश 18 अप्रैल से शादी के शुभ मुहूर्त प्रारंभ होने जा रहे हैं। अक्षय तृतीया के अबूझ मुहूर्त के साथ शादियों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। अबूझ मुहूर्त में विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों द्वारा सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। अकेले भोपाल में ही दो हजार से अधिक शादियां होने का अनुमान है। 18 अप्रैल से शुरू हो रही शादियों मुहूर्त के बावजूद बाजारों में विशेष रौनक नहीं दिखाई दे रही है। व्यापारियों का कहना है कि अन्य सालों के मुकाबले अक्षय तृतीया व अबूझ मुहूर्त पर होने वाले व्यापार का 50 फीसदी भी इस बार नहीं हो रहा है। इसका कारण व्यापारियों ने ऑनलाइन मार्केट को बताया है। ज्ञात हो कि 14 मार्च को खरमास लगने से शादी सहित अन्य शुभ कार्यों पर विराम लग गया था। 18 अप्रैल को अक्षय तृतीया व अबूझ मुहूर्त के अवसर पर श्यामला हिल्स स्थित टैगोर छात्रावास खेल मैदान में सामूहिक विवाह सम्मेलन होगा। नया भोपाल क्षेत्र जनकल्याण समिति के तत्वावधान में यह सम्मेलन का आयोजित किया जा रहा है। यहां 51 सर्वजातीय जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। विवाह सम्मेलन के संयोजक शैलेन्द्र निगम ने बताया कि 18 को सुबह 10 बजे 51 दूल्हों की सामुहिक बारात निकाली जाएगी।यह बारात पालीटेक्निक चौराहा स्थित गांधी भवन से शुरू होकर सम्मेलन स्थल पर पहुंचेगी। सम्मेलन से एक दिन पूर्व सभी कन्याओं की हल्दीए तेलए महंदी रस्म पूरी की जाएगी व महिला संगीत का आयोजन भी किया जाएगा। एयरपोर्ट रोड स्थित आसाराम बापू आश्रम में ब्राह्मण समाज समिति द्वारा सर्व ब्राह्मण समाज का विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

दिव्यांग बच्चों ने मुख्यमंत्री के साथ मनाया जन्म दिन

भोपाल15 अप्रैल (ए) मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर के शुभकारज गार्डन में दिव्यांग बच्चों का जन्म.दिन धूमधाम से मनाया। मुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ बच्चा बनकर जन्म.दिन का आनंद लिया।

लोक संस्कृति मंच तथा संस्था सक्षम द्वारा आयोजित इस दिव्य आनंद उत्सव में दिव्यांग बच्चों के साथ पाकिस्तान से आयी मूक.बधिर गीता भी शामिल हुई। मूक.बधिर बच्चों ने अपनी सांकेतिक भाषा में मुख्यमंत्री से खूब बातचीत की। मुख्यमंत्री चौहान इन बच्चों के चेहरों पर खुशी देखकर आत्मविभोर हो गये। उन्होंने कहा कि इन बच्चों के साथ आज मुझे जीवन की सबसे बड़ी खुशी मिली है।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के लिये इंदौर में पार्क बनवाया जायेगा। इस पार्क में इंदौर विकास प्राधिकरण दिव्यांग बच्चों के लिये काउंसलिंगए स्वास्थ्य परीक्षणए खेलकूद एवं मनोरंजन आदि की सभी सुविधाएँ मुहैया करायेगा। उन्होंने बताया कि यह पार्क इंदौर शहर के बीचोंबीच बीआरटीएस कॉरीडोर विजयनगर के पास 55 हजार वर्गमीटर में लगभग 80 करोड़ रूपये की लागत से बनवाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने दिव्यांग हरेन्द्र त्रिवेदी को पैरा ओलम्पिक में स्वर्ण पदक मिलने पर सम्मानित किया।वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्डस संस्था द्वारा वृहद स्तर पर एक साथ अधिक संख्या में दिव्यांग बच्चों के जन्म.दिवस आयोजन का प्रमाण.पत्र आयोजक संस्था को प्रदान किया।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा में विदेश जाने का मौका

भोपाल 15 अप्रैल (ए) मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की है कि डॉ अम्बेडकर के जीवन और उनकी स्मृति से जुड़े पांच स्थानों को मुख्यमंत्री तीर्थ.दर्शन योजना में शामिल किया जायेगा। उन्होंने यह घोषणा महू में शनिवार को की। मुख्मयंत्री ने कहा कि यह तीर्थ स्थान हैं बाबा साहब की जन्म.स्थली महूए लंदन स्थित वह मकान जहां उन्होंने शिक्षा ग्रहण की थीए दीक्षा भूमि नागपुर परि.निर्वाण स्थल अलीपुर रोड बंगलाए नई दिल्ली और चैत्य भूमि मुम्बई जहां उनका अंतिम संस्कार हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार डॉ अम्बेडकर के आदर्शों पर चल रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के संविधान को कोई खतरा नहीं है।

अनियंत्रित आटो पलटने से तीन छात्रों समेत चार घायल

डाबुगां 15 अप्रैल (सन्यूस) झरिगांव ब्लाक के झरिगुड़ा गांव के पास गत 12 अप्रैल को एक आटो के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसमें सवार तीन छात्र एवं आटो चालक धायल हो गये है।

उमरकोट ब्लाक अंतर्गत कुर्मी गांव निवासी नरहरि जानी, दशरु मुदुली एवं अभिराम हरिजन नामक छात्र उनके एक अभिभावक के साथ डाबुगां ब्लाक के खतकी स्तित आश्रम विधालय में दाखिला लेने गये हुये थे। अपरान्ह करीब 4 बजे एक आटो पर सवार होकर वापस अपने गांव लौट रहे थे कि झरिगुड़ा गांव के पास आटो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में आटो पर सवार तीन छात्र एवं आटो चालक मिथुन हरिजन घायल हो गये। छात्रों के अभिभावक को कोई चोट नहीं आयी है।

घटना के दौरान रास्ते से गुजर रहे नवरंगपुर के एस बी आई कर्मचारियों ने घायलों को उपचारार्थ डाबुगां के सामुदायिक चिकित्सालय मे भर्ती कराया है। घटना के संबंध में डाबुगां पुलिस को सूचित किये जाने पर पुलिस प्रकरण कायम कर मामले की विवेचना कर दी है।

सहकारिता मंत्रीं अम्बेडकर जयंती पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल

भोपाल 15 अप्रैल (ए) सहकारिताए भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग ;स्वतंत्र प्रभारद्धए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभागए मंत्री श्री विश्वास सारंग आज अम्बेडकर जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए।

मंत्री श्री सारंग ने बुद्ध विहारए कैलाश नगरए रूपनगर गोविंदपुराए ओल्ड सुभाष नगरए बौद्ध विहार अन्नानगर सहित अन्य बस्तियों में बाबा साहब भारतरत्न डॉण् भीमराव रामजी अम्बेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचकर बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। मंत्री श्री सारंग ने डॉण् अम्बेडकर के राष्ट्र और समाज के लिए दिए गए योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश के संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉण् अम्बेडकर के बताये हुए रास्ते पर चलना ही उन्हें सच्चे मन से श्रद्धा सुमन अर्पित करना होगा। मंत्री श्री सारंग के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिकगण कार्यक्रम में मौजूद थे।

किसानों की खुशहाली के मप्र. में नवाचार

0 कृषि समृद्धि योजना पौने दस लाख किसानों को 17 सौ करोड़ रूपए का समृद्धि तोहफा रू भाटी

भोपाल15 अप्रैल (ए) भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी एवं पार्टी के प्रदेश मंत्री रघुनाथ भाटी ने कहा कि किसान की आय 2022 तक दोगुना करने के लिए देश और प्रदेश में नवाचारों से काश्तकार राहत की अनुभूति कर रहे है। मध्यप्रदेश सरकार ने किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत 7 लाख गेहूं उत्पादक किसानों और 2०82 लाख धान उत्पादक किसानों को 1700 करोड़ रूपए का तोहफा देकर प्रोत्साहित किया है। इससे मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का यह दावा सोलह आना सही होता है कि वे किसान के चेहरे पर मुस्कान देखना चाहते है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने गत वर्ष प्रदेश में किसानों द्वारा बेचे गए गेहूंए धान पर भी विशेष प्रोत्साहन राशि देकर उन्हें आर्थिक कवच दिया है। इसी प्रोत्साहन ने प्रदेश में उत्पादन और उत्पादकता में बहुगुणित वृद्धि करने में उत्प्रेरक का कार्य किया है। इससे मध्यप्रदेश देश में पांचवी बार कृषि कर्मण सम्मान से गौरवान्वित हुआ है। चालू साल में कृषि के लिए 20 हजार करोड़ रूपए की राशि का प्रावधान किया जाना ऐतिहासिक पहल है। अंततः यह राशि किसानों के बैंक खातों में पहुंचेगीए जिससे किसान समृद्ध बनेगा।